प्रतिवेदन: ग्राम मोहलाई, दुर्ग जिले में मास्टर ऑफ कॉमर्स छात्रों द्वारा उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर महाविद्यालय के वाणिज्य एवं प्रबंधन विभाग द्वारा पीएम उषा मद से प्रायोजित दिनांक 07/03/2024 को दुर्ग जिले के ग्राम मौलाई, गांव के ग्रामवासियों के लिए मास्टर ऑफ कॉमर्स के छात्रों द्वारा उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के माध्यम से, छात्रों ने ग्रामीण आबादी को उपभोक्ता अधिकारों व कर्तव्यो , विशेषत: उनके उपभोक्ता अधिकारों के बारे में जागरूक कराया। इसके अलावा, छात्रों ने ग्रामीण समुदाय में उपभोक्ता अधिकारों के प्रमुख मुद्दों पर ध्यान आकर्षित किया और उन्हें उसके लिए उपाय सुझाए। ग्रामीण आबादी को उपभोक्ता अधिकारों के महत्व को समझाने के लिए विभिन्न क्रियाओं का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम में नुक्कड़ नाटक, उपभोक्ता अधिकारों पर पोस्टर, और नारा वितरित किया गया।

शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर महाविद्यालय के वाणिज्य एवं प्रबंधन विभाग द्वारा पीएम उषा मद से प्रायोजित समिलित विद्यार्थी

कार्यक्रम की शुरुआत ,छात्रों के द्वारा ग्रामीण आबादी को उपभोक्ता अधिकारों के महत्व को समझाने के लिए नारा प्रदर्शन द्वारा किया गया । ये नारे उपभोक्ताओं को जागरूक करने के लिए एक सरल और प्रभावी तरीका रहा ।

ग्रामवासियों से उपभोक्ता जागरूकता से संबंधित अधिकारों की चर्चा करते हुए

ग्रामवासियों में उपभोक्ता जागरूकता के लिए रैली निलते विद्याथी

इस कार्यक्रम में छात्रों ने ग्रामीण समुदाय को उपभोक्ता अधिकारों के बारे में जागरूक करने के लिए पोस्टर भी तैयार किए। ये पोस्टर विभिन्न स्थानों पर लगाए गए थे ताकि लोगों को अपने अधिकारों के बारे में समझाया जा सके। पोस्टर में उपभोक्ता अधिकारों के महत्व, उनकी प्रमुख विशेषताएँ, और कैसे उन्हें बचाया जा सकता है, इस पर ध्यान दिया गया।

विद्यार्थीयों द्वारा पोस्टर प्रदर्शन

तत्पश्यात कार्यक्रम में नुक्कड़ नाटक एक महत्वपूर्ण क्रिया थी जिसमे ग्रामवासियों को उपभोक्ता अधिकारों के महत्व को समझाने तथा उन्हें जागरूक उनके अधिकारों के लिए जागरूक किया। जिसमे नाटक के द्वारा प्रदर्शित किया गया की किस प्रकार किसी वस्तु को खरीदने पर वस्तु से संबंधित जानकारी, उसका सही मूल्य , वस्तु का पक्का बिल लेने अथवा न लेने पर उससे संबंधित अधिकारों को बताया गया । छात्रों ने विभिन्न दृश्यों के माध्यम से उनके अधिकारों की प्रतिस्पर्धा के प्रस्तावित उलझनों को दिखाया गया। नुक्कड़ नाटक में उपभोक्ताओं को अपने अधिकारों के बारे में जागरूक करने के साथ-साथ उन्हें सही मार्गदर्शन भी प्रदान किया गया।

विद्यार्थियों द्वारा उपभोक्ताओं जागरूकता के किये नुक्कड़ नाटक प्रदर्शन

इस कार्यक्रम के माध्यम से ग्रामीण आबादी को उपभोक्ता अधिकारों के महत्व को समझाने का अवसर मिला। छात्रों के द्वारा प्रदर्शित क्रियाओं ने उन्हें उनके अधिकारों के बारे में सचेत किया और उन्हें उनकी सुरक्षा के लिए जागरूक बनाया। यह कार्यक्रम ग्रामीण समुदाय में उपभोक्ता जागरूकता और सामाजिक सद्भाव को बढ़ाने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। इस प्रकार, इस कार्यक्रम ने गांव मौलाई में उपभोक्ता जागरूकता को बढ़ावा देने में सफलता प्राप्त की।

यह कार्यक्रम मास्टर ऑफ कॉमर्स के 50 छात्रों और 4 शिक्षकों के सहयोग से संचालित किया गया था। छात्रों ने गांव के विभिन्न क्षेत्रों में अपनी क्रियाओं को संचालित किया और उपभोक्ता अधिकारों के महत्व को समझाने का प्रयास किया। शिक्षकों ने छात्रों को निरंतर मार्गदर्शन और सहायता प्रदान की ताकि वे अपने कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संचालित कर सकें।

ग्रामवासियों के साथ समस्त विद्‌याथी